an>

Title: Need to undertake electrification of villages in Chatra Parliamentary Constituency, Jharkhand.

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा)** ः देश के सभी हिस्सों में सातों दिन-चौबीस घंटे निर्बाध, गुणवत्तापूर्ण बिजली मुहैया कराने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। केंद्र सरकार द्वारा नवम्बर, 2014 में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना की घोषणा की गई। इस योजना के तहत सरकार का 1000 दिनों के भीतर 1 मई, 2018 तक 18,452 अविद्युतीकृत गांवों का विद्युतीकृत करने का लक्ष्य है। इस योजना के तहत की 24/7 आपूर्ति की सुविधा को सुगम बनाया जाएगा। इस योजना का प्रमुख उद्देश्यः सभी गांवों का विद्युतीकरण करना, किसानों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराने के लिए फीडर सेपरेशन और अन्य उपभोक्ताओं को नियमित आपूर्ति, सब-ट्रांसमीशन और वितरण नेटवर्क में सुधार करना है ताकि आपूर्ति की गुणवत्ता और विश्वसनीयता में सुधार लाया जा सके तथा नुकसान कम करने के लिए मीटरिंग करना आदि है। ग्राम विद्युतीकरण प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा को 12 चरणों में विभाजित किया गया है। अप्रैल, 2015 से 14 अगस्त, 2015 तक कुल 1654 गांवों तथा 15 अगस्त, 2015 से 17 अप्रैल, 2016 तक 5689 अतिरिक्त गांवों में बिजली पहुंचाई गई।

झारखण्ड राज्य में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत 28210 गांवों को शामिल किया गया है। इनमें से मेरे संसदीय क्षेत्र के चतरा, लातेहार जिला एवं पलामू जिले के पांकी विधान सभा क्षेत्र के 2207 गांव सम्मिलित है। चतरा लोक सभा क्षेत्र के तीन प्रखण्डों के मुख्यालयों तक भी अभी बिजली नहीं पहुंची है। ये प्रखण्ड चतरा जिले के कुन्दा व लावालौंग एवं लातेहार जिले का गारू हैं। इन तीनों प्रखण्डों में कुल 226 गांवों तक बिजली पहुंचाने का लक्ष्य दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत रखा गया है। इन तीनों जिलों के अनेक गांवों में बिजली की सुविधा अभी तक प्राप्त नहीं हुई है तथा विद्युतीकरण का कार्य बहुत ही धीमी गति से हो रहा है। तय समय पर विद्युतीकरण के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य में तेजी लाने की आवश्यकता है।

दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के अंतर्गत सभी पूर्वोत्तर राज्यों सिक्किम, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं उत्तराखण्ड आदि को विशेष श्रेणी में शामिल किया गया है। अतः मैं विद्युत मंत्री जी से मांग करता हूँ कि ऐसे जिलें जहां प्रखण्ड मुख्यालय पर भी बिजली नहीं है, को विशेष श्रेणी में शामिल किया जाए। मेरे संसदीय क्षेत्र के कुंदा, लावालौंग व गारू प्रखण्ड सहित सभी गांवों में समयबद्ध बिजली पहुंचाने का कार्य पूर्ण किया जाए।